● **पढ़ो, समझो और बताओ :**

७. (अ) बोध

आँख	 पेटी	औषधि	पपीता	आम
आँखें	 पेटियाँ	औषधियाँ	पपीते	आम
माला	सिक्का	तौलिया	 बंदर	बिल्ली
मालाएँ	सिक्के	तौलिये	बंदरिया	बिलाव
सिंह	 गाय	हिरन	नागिन	चुहिया
सिंहनी	 बैल	हिरनी	नाग	चूहा

❑ चित्र के माध्यम से वचन और लिंग बोधक शब्द समझाएँ । **परिभाषा नहीं बतानी है ।** अन्य उदाहरण देकर विद्यार्थियों से दृढ़ीकरण करवाएँ । एकवचन-बहुवचन, स्त्रीलिंग-पुल्लिंग से संबंधित अन्य शब्दों का लेखन करवाएँ । पाठ्यपुस्तक में आए इसी प्रकार के शब्दों को ढूँढ़ने और लिखने के लिए कहें । सामान्य बातचीत में ऐसे शब्दों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

● पढ़ो और समझो :

(ब) समान–विरुद्ध

आँख नेत्र	वृक्ष पेड़	पंछी पक्षी	पुष्प फूल
द्वार दरवाजा	चारपाई खटिया	सवेरा  सुबह	केश बाल

 दिन रात	ऊपर नीचे
कम अधिक	छोटा बड़ा
गरम ठंडा	सुखी दुखी
 बंद  खुला	आगे पीछे

❑ चित्र के माध्यम से समानार्थी–विरुद्धार्थी समझाएँ । परिभाषा नहीं बतानी है । अन्य उदाहरण देकर विद्यार्थियों से ऐसे शब्दों का दृढ़ीकरण कराके लेखन करवाएँ । पाठ्यपुस्तक में आए ऐसे शब्दों को ढूँढ़ने के लिए कहें । उनका संग्रह कराके सुलेखन, श्रुतलेखन करवाएँ ।